भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 500

06.02.2023 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम

500. श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी:
डॉ. पोन गौतम सिगामणि:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि चार वर्ष पूर्व शुरू किए गए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के अंतर्गत आने वाले अधिकांश शहरों में वायु गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह भी सच है कि वर्ष 2021-22 में 131 शहरों में से केवल 49 शहरों में वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ है;

(ग) क्या यह भी सच है कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, शहरी स्थानीय निकायों और केन्द्र के बीच हस्ताक्षरित समझौतों के अंतर्गत जिन 131 शहरों को वार्षिक प्रदूषण में कमी के लक्ष्य दिए गए थे, उनमें से केवल 38 शहर ही वर्ष 2021-22 के लक्ष्यों को पूरा करने में सफल रहे हैं;

(घ) क्या एनसीएपी का लक्ष्य वर्ष 2017 के प्रदूषण स्तर को आधार वर्ष मानकर वर्ष 2024 तक पीएम 2.5 और पीएम 10 कणों के प्रदूषण स्तर में 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक की कमी लाना है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>**उत्तर**</u>

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क), (ख), (ग) (घ) और (ड.) : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफएंडसीसी) ने जनवरी, 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) शुरू किया, जो वायु प्रदूषण के निवारण, नियंत्रण और उसमें कमी लाने के लिए एक दीर्घकालिक, समयबद्ध, ''राष्ट्रीय स्तर की कार्यनीति'' है। एनसीएपी के अंतर्गत, आधार वर्ष 2017 के संदर्भ में 24 राज्यों के 131 शहरों में वर्ष 2024 तक विविक्त कण (पीएम) सांद्रताओं में 20 से 30% तक की कमी के लक्ष्य को प्राप्त करने की परिकल्पना की गई है। इसके बाद, वर्ष 2025-26 तक पीएम सांद्रता के संदर्भ में 40% तक की कमी लाने या राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएक्यूएस) को प्राप्त करने के लक्ष्य को संशोधित किया गया है।

शहरों को पीएम सांद्रता में 3-15% की सीमा में वार्षिक कमी लाने का लक्ष्य दिया गया है, जिसे वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए शहर कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन द्वारा प्राप्त किया जाएगा। सभी 131 शहरों ने एनसीएपी के तहत शहर कार्य योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, अर्थात् सीपीसीबी, एसपीसीबी और यूएलबी के साथ 82 शहरों और एमओईएफएंडसीसी के साथ 49 शहरों ने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। 131 शहरों में से, 95 शहरों ने आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में विविक्त कण$_{10}$ (पीएम$_{10}$) सांद्रता के संदर्भ में वायु गुणवत्ता में सुधार दिखाया है। 95 शहरों की वायु गुणवत्ता की स्थिति का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

एनसीएपी के अंतर्गत 95 शहरों की वायु गुणवत्ता स्थिति का विवरण

क्र.सं.	शहर का नाम	पीएम$_{10}$ की औसत सांद्रता (µg/m^3) (वित्तीय वर्ष 2017-18)	पीएम$_{10}$ की औसत सांद्रता (µg/m^3) (वित्तीय वर्ष 2021-22)
1	अनंतपुर	78	52
2	चित्तूर	70	49
3	इलुरु	72	65
4	गुंटूर	66	58
5	कडपा	75	54
6	कुरनूल	79	61
7	नेल्लोर	64	55
8	ओंगोल	65	52
9	राजमहेंद्रवरम	85	68
10	विजयवाड़ा	91	67
11	विजयनगरम	72	71
12	सिल्चर	49	45
13	शिवसागर	73	47
14	पटना	172	145
15	चंडीगढ़	114	97
16	दुर्ग भिलाईनगर	86	58
17	रायपुर	70	61
18	दिल्ली	241	196
19	अहमदाबाद	164	113
20	राजकोट	150	116
21	सूरत	130	100
22	वडोदरा	133	121
23	बद्दी	174	132
24	काला अम्ब	118	114
25	नालागढ़	146	84
26	परवाणू	66	35
27	सुंदर नगर	78	47
28	धनबाद	315	235

29	जमशेदपुर	135	110
30	रांची	141	110
31	बेंगलुरु	92	67
32	दावणगेरे	74	57
33	हुबली, धारवाड़	79	68
34	देवास	83	81
35	ग्वालियर	126	109
36	अकोला	111	64
37	अमरावती	102	66
38	बदलापुर	160	94
39	चंद्रपुर	118	104
40	ग्रेटर मुंबई	161	106
41	जलगांव	70	59
42	जालना	99	93
43	कोल्हापुर	89	81
44	लातूर	82	57
45	नागपुर	100	68
46	नाशिक	82	59
47	पुणे	102	85
48	सांगली	87	60
49	सोलापुर	81	60
50	ठाणे	138	130
51	उल्हासनगर	153	77
52	दीमापुर	142	84
53	कोहिमा	127	69
54	बालासोर	84	74
55	कटक	93	90
56	तालचेर	113	81
57	अमृतसर	189	118
58	डेरा बाबा नानक	79	71
59	जालंधर	178	130
60	खन्ना	142	106
61	लुधियाना	168	150
62	मंडी गोबिंदगढ़	148	122
63	नया नांगल	87	70

64	जयपुर	172	126
65	अलवर	152	112
66	जोधपुर	189	161
67	कोटा	139	112
68	उदयपुर	127	122
69	चेन्नई	66	57
70	मदुरई	72	53
71	त्रिच्ची	88	45
72	तूतीकोरिन	123	67
73	हैदराबाद	110	88
74	संगारेड्डी	85	83
75	आगरा	202	146
76	इलाहाबाद	169	119
77	गाज़ियाबाद	285	216
78	कानपुर	227	170
79	लखनऊ	253	148
80	वाराणसी	230	114
81	अनपरा	175	154
82	बरेली	207	175
83	फिरोजाबाद	247	137
84	गजरौला	204	155
85	गोरखपुर	150	122
86	खुर्जा	195	173
87	मुरादाबाद	222	155
88	नोएडा	229	203
89	रायबरेली	145	112
90	देहरादून	250	146
91	ऋषिकेश	129	117
92	आसनसोल	147	112
93	बैरकपुर	86	85
94	हावड़ा	139	125
95	कोलकाता	147	105

****